समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव को ही संबोधित किया जाये
किसी प्रकार के व्यक्तिगत नाम से नहीं। पूर्व संदर्भ यदि हो
तो ,देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही समव नही होगी।

दूरभाष : 529540,25275320
तार : यूनिव्हरसिंटी
फेक्स : 0731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय–भवन
इन्दौर–452001

क.:संविक / अअदी / 2026/749 दिनांक:– 27 OCT 2026

प्रति,

1/ प्राचार्य / प्राचार्या / संचालक / निदेशक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
समस्त शासकीय / अशासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / निजी महाविद्यालय,
जिला इन्दौर / धार / झाबुआ।

2/ विभागाध्यक्ष / निदेशक,
समस्त अध्ययनशालाएँ,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विषय :–आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में नव–उदघाटित "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा **(Hall of Space Exploration)** के भ्रमण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के संबंध में।

संदर्भ :–कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र. शासन भोपाल से प्राप्त पत्र कमांक 587 / 341 / आउशि / अकादमी / 2026 दिनांक–12.10.2026 के संदर्भ में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ के परिप्रेक्ष्य मे कार्यालय आयुक्त / विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, म.प्र.शासन, उ.शि.विभाग, भोपाल से प्राप्त संलग्न पत्रानुसार निर्देशानुसार राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की एक इकाई आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा विकसित नवीन एवं अद्वितीय स्थायी विज्ञान दीर्घा **"अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा (Hall of Space Exploration)"** विद्यार्थियों, शिक्षको, शैक्षणिक संस्थानों, शोधार्थियों, परिवारों तथा सामान्य जन के लिए अवलोकनार्थ खुली है।

शासन के निर्देशानुसार अपने महा. के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल भ्रमण कराने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

संलग्न :– संदर्भित पत्र।

पृष्ठा.कमांक:संविक / अअदी / 2026/749. दिनांक :– 27 OCT 2026

1/ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उ.शि.विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2/ स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल
3/ निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपूडा भवन, भोपाल ।
4/ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा इन्दौर संभाग, इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5/ कुलपतिजी के सचिव / कुलसचिव के निज सहायक, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर।
6/ आई.टी. सेन्टर, देअविवि, इन्दौर की ओर वेब साइट पर अपलोड करने हेतु।

संकायाध्यक्ष,छात्र कल्याण

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक/1587/341/आउशि/अकादमी/2026 भोपाल, दिनांक 12/10/2026

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
2. सचिव,
   मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल.
3. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

कुलसचिव कार्यालय क्रमांक. 522 दिनांक. 13/10/2026

विषय– आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में नव–उद्घाटित "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा (Hall of Space Exploration)" के भ्रमण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के संदर्भ में।

संदर्भ– प्रधान क्यूरेटर एवं केन्द्र प्रमुख, आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल का पत्र क्रमांक आं.वि.के.भो./16035/2026–27/357 (हि) दिनांक 29.07.2026

––0––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र एवं संलग्न सहपत्रों की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा विकसित नवीन एवं अद्वितीय स्थायी विज्ञान दीर्घा "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा (Hall of Space Exploration)" विद्यार्थियों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों, शोधार्थियों, परिवारों तथा सामान्य जन के लिए अवलोकनार्थ खुली है।

निर्देशानुसार समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल भ्रमण कराने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. दिनेश दवे)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

DSW copy

पृ. क्रमांक:1588/341/आउशि/अकादमी/2026 भोपाल, दिनांक 12/10/2026

प्रतिलिपि–

1. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, माननीय मंत्री जी,मध्यप्रदेश शासन,उच्च शिक्ष विभाग, मंत्रालय,भोपाल।
2. स्टॉफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सहायक, आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय,सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. निज सहायक, कुलगुरू, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
6. प्रधान क्यूरेटर एवं केन्द्र प्रमुख, आंचलिक विज्ञान केन्द्र, बाणगंगा मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल।
7. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
8. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आई.टी. शाखा, उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल।

.....की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE

आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

RSCB

Regional Science Centre, Bhopal
(A unit of National Council of Science Museums)
Ministry of Culture, Government of India

आ.वि.के.भो./16035/2026-27/ 357(हि.)

पंजी क्रमांक- 341/आ.वि.के./भो./2026
दिनांक: 29.07.2026
दिनांक: 08/10/2026

प्रति
आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

विषय: आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में नव-उद्घाटित "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा (Hall of Space Exploration)" के भ्रमण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के सन्दर्भ में :-

महोदय
आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल की ओर से शुभकामनाएं!

यह बताते हुए हर्ष अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल द्वारा विकसित नवीन एवं अद्वितीय स्थायी विज्ञान दीर्घा "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा (Hall of Space Exploration)" का लोकार्पण दिनांक 14 जुलाई, 2026 को मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

यह दीर्घा मध्यप्रदेश शासन की स्पेसटेक नीति (SpaceTech Policy) तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के वैज्ञानिक सोच, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने के दूरदर्शी विजन के अनुरूप विकसित की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है।

यह "अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा" आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल में लंबे अंतराल के उपरांत स्थापित की गई एक नई एवं महत्वपूर्ण स्थायी विज्ञान दीर्घा है तथा विज्ञान संचार के क्षेत्र में केन्द्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह दीर्घा आगंतुकों को ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति (बिग बैंग) से लेकर मानव की वर्तमान एवं भावी अंतरिक्ष अन्वेषण यात्राओं तक की रोमांचक एवं ज्ञानवर्धक यात्रा पर ले जाती है। इसमें ब्रह्मण्ड की उत्पत्ति, स्पेस वॉक, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station), भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (Bharatiya Antariksh Station), चन्द्रमा एवं मंगल पर भावी मानव आवास, अपना रॉकेट डिज़ाइन करें, रॉकेट लॉन्चर, स्पेस सिम्युलेटर, ऐतिहासिक अंतरिक्ष अभियान तथा अनेक संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण प्रदर्श स्थापित किए गए हैं, जो सभी आयु वर्ग के आगंतुकों के लिए एक प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं।

यह दीर्घा अब विद्यार्थियों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों, शोधार्थियों, परिवारों तथा सामान्य जन के लिए अवलोकनार्थ खुली है। हमें आपके अधीनस्थ सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस अद्वितीय विज्ञान दीर्घा के भ्रमण हेतु सादर आमंत्रित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। विद्यार्थियों के लिए दीर्घा का निर्देशित भ्रमण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान तथा भारत की तीव्र गति से विकसित हो रही अंतरिक्ष उपलब्धियों को समझने का अवसर प्राप्त होगा।

केन्द्र में फन साइंस, एटमॉस्फियर - द अम्ब्रेला, मिरर, बियॉन्ड ह्यूमन विजन जैसी अन्य विज्ञान दीर्घाएँ तथा 3-डी विज्ञान फिल्म प्रदर्शन एवं तारामण्डल शो जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ भी उपलब्ध हैं, जिनका आनंद आगंतुक अपने भ्रमण के दौरान ले सकते हैं।

इस संबंध में आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल भ्रमण करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी विज्ञान केन्द्र की इस नवनिर्मित दीर्घा एवं अन्य गतिविधियों से लाभान्वित हो सकें।

यह भ्रमण विद्यार्थियों में न सिर्फ विज्ञान में रुचि बढ़ाने में सहायक होगा बल्कि एक बेहतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण निर्माण में भी सहायक होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की कृपा करें। शिक्षा को विज्ञान के लोकप्रियकरण से जोड़ने में इस अभियान में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

ईमेल: vigyankendrabhopal@gmail.com | फोन: 0755-2661655 | WhatsApp: +91 94799 74419

भवदीय
(साकेत सिंह कौरव)
प्रधान वैज्ञानिक एवं केन्द्र प्रभारी

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल

(रा.वि.सं.प. की इकाई)

दीर्घाएं

दर्पण

अंतरिक्ष अन्वेषण

मनोरंजक विज्ञान

वायुमंडल

आकर्षण

3 डी फिल्म

तारामंडल

विज्ञान उद्यान

आकाश दर्शन कार्यक्रम

(रा.वि.सं.प. की इकाई) आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की एक इकाई है, जो भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत कार्यरत एक स्वायत्त गैर-लाभकारी वैज्ञानिक संगठन है। आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल सन् 1995 से भोपाल शहर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने एवं सामान्य रूप से जनता और विशेष रूप से छात्रों के बीच जिज्ञासा के दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के प्राथमिक उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहा है। यहां आम जनता और बड़ी संख्या में स्कूल एवं कॉलेज स्तर के छात्र भ्रमण पर आते हैं।

केन्द्र का समय : प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक (केवल दिवाली और होली पर बंद)
तारामंडल शो: 12:30 बजे । 3:00 बजे । 5:00 बजे
3 डी विज्ञान फिल्म शो : 11:00 बजे । 12:00 बजे । 2:30 बजे । 3:30 बजे । 4:30 बजे

टिकट	सामान्य दर्शक	सामान्य दर्शक (15 या अधिक)	संगठित स्कूल समूह में छात्र	समूह में सरकारी/नगरपालिका स्कूल के छात्र
विज्ञान केन्द्र में प्रवेश टिकट	₹ 50	₹ 40	₹ 20	₹ 10
3 डी विज्ञान फिल्म शो	₹ 30	₹ 25	₹ 15	₹ 10
तारामंडल / फिल्म शो / विज्ञान शो	₹ 25	₹ 20	₹ 15	₹ 10

परिवार के सदस्यों का विज्ञान केन्द्र भ्रमण के लिए पैकेज टिकट

1. विज्ञान केन्द्र में प्रवेश + 3डी + तारामंडल / साइंस फिल्म शो / साइंस शो (4 सदस्य) - ₹ 250/-
2. विज्ञान केन्द्र में प्रवेश + 3 डी + तारामंडल / साइंस फिल्म शो / साइंस शो (6 सदस्य) - ₹ 400/-

इनोवेशन हब

इनोवेशन हब केन्द्र की अनूठी सुविधाओं में से एक है, जो नए विचारों को पोषित करने और आज के युवाओं में जिज्ञासु दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करने के लिए सुविधाएं प्रदान करता है। इनोवेशन हब युवाओं को नवीन और रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न करता है। ये केन्द्र नए विचारों और नवाचार के लिए स्प्रिंगबोर्ड के रूप में काम करते हैं और इस प्रकार समाज और अर्थव्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और बढ़ती आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
वाणगंगा रोड, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462002

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें।
फोन : +91 (0) 755 2661655, ई-मेल : vigyankendrabhopal@gmail.com

हमसे जुड़ने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।

Ministry of Culture
Government of India

Azadi Ka Amrit Mahotsav

REGIONAL SCIENCE CENTRE, BHOPAL

(A unit of NCSM)

GALLERIES

MIRROR

HALL OF SPACE EXPLORATION

FUN SCIENCE

ATMOSPHERE

Regional Science Centre Bhopal is a constituent unit of the National Council of Science Museums, an autonomous non-profit scientific organization functioning under the Ministry of Culture, Government of India. The Centre has been working in Bhopal since 1995 with the primary objective of popularization of Science & Technology, inculcation of scientific temper, and encouraging an attitude of curiosity among the public in general and the students in particular. This centre is visited by the general public and a large number of school & college level students.

Centre's Timing : 9:30 am to 6:00 pm | Opens Every Day Except on Holi & Diwali
Taramandal Shows: 12:30 pm | 3:00 pm | 5:00 pm
3D Science Show: 11:00 am | 12:00 noon | 2:30 pm | 3:30 pm | 4:30 pm

Tickets :	General Visitors	Group Visitors (15 or more)	Students in Organised School Group	Students from Govt./Municipal Schools
Entry ticket to Science Centre	₹ 50	₹ 40	₹ 20	₹ 10
3D Science Film Show	₹ 30	₹ 25	₹ 15	₹ 10
Taramandal / Science Film / Science Show	₹ 25	₹ 20	₹ 15	₹ 10

PACKAGE TICKETS FOR THE VISIT OF FAMILY MEMBERS

1. Science Centre Entry+3D+Taramandal/ScienceFilmShow/ScienceShow **(4 Members) – Rs.250/-**
2. Science Centre Entry+3D+Taramandal/ScienceFilmShow/ScienceShow **(6 Members) – Rs. 400/-**

HIGHLIGHTS

3D FILM

TARAMANDAL

SCIENCE PARK

Sky Obs. Programme (SoP)

Innovation Hub

Innovation Hub is one of the unique facilities of the Centre, which provides facilities to nurture new ideas and help develop inquisitive perspectives in youths of today. The Innovation Hub engages youth in innovative and creative activities. This hub serves as springboard for new ideas and innovation and thus helping the society and economy to face future challenges and meet the rising aspirations of the growing population.

REGIONAL SCIENCE CENTRE, BHOPAL
(A unit of National Council of Science Museums)
Ministry of Culture, Govt. of India
Banganga Road, Shyamla Hills Bhopal-462002

For More Details
Phone: +91 (0) 755 2661655, E-mail: vigyankendrabhopal@gmail.com

To join us, please scan the QR code.

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की एक इकाई

नई अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा

NEW HALL OF SPACE EXPLORATION

अब आपका स्वागत है अंतरिक्ष अन्वेषण की इस रोमांचक यात्रा में।

मध्यप्रदेश की पहली अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा में अवश्य पधारें



स्थल : आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल
बाणगंगा रोड, श्यामला हिल्स, भोपाल 462 002